# Pre ISC Examination 2017-2018
## Hindi

कक्षा : XII
समय : 3 घंटे 15 मिनट | पूर्णांक : 100

### "हिन्दी भाषा"

1. **किसी एक विषय पर लगभग 400 से 450 शब्दों में एक प्रस्ताव / कहानी लिखिए।** [20]

क) "हर चीज प्रारम्भ में कठिन होती है जिसे अभ्यास और परिश्रम से सरल बना दिया जाता है।" इस कथन की सत्यता को सिद्ध कीजिए।

ख) आज 'सोशल मीडिया' अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (right to expression) के प्रमुख साधन बन गए हैं। परन्तु देखा गया है कि ये साम्प्रदायिक तनाव, नफरत और अराजकता फैलाने के भी साधन बनते जा रहे हैं। अपने विचार दीजिए।

ग) प्लास्टिक का उपयोग-प्राणी मात्र के लिए घातक।

घ) कल्पना कीजिए कि आप "कौन बनेगा करोड़पति" में पूरे सात करोड़ रूपये जीत गए हैं। उससे आप कौन-कौन से महत्वपूर्ण कार्य करेंगे, जिससे आपको संतुष्टि मिल सके।

ङ) किसी एक विषय पर मौलिक कहानी लिखिए :-

(i) बिन साहस के जीवन फीका ।

(ii) नर हो न निराश करो मन को ।

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :**

ऐसा माना जाता है कि मस्तिष्क की शक्ति जन्मजात होती है, अर्थात् – जन्म से ही कोई बुद्धिमान् होता है और कोई बुद्धिमान नहीं होता। किन्तु नवीनतम अन्वेषणों से पता चलता है कि सही प्रोत्साहन मिलने पर हमारे मस्तिष्क का रूप बदल सकता है अर्थात हम पहले से कहीं अधिक बुद्धिमान और क्रियाशील हो सकते हैं।

कहावत है – 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास।' अतः मस्तिष्क की दक्षता और कार्यकुशलता के लिए न केवल मानसिक अपितु शारीरिक व्यायाम भी अपेक्षित है। एक शोध के अनुसार जो लोग नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करते हैं वे मानसिक परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त करते हैं। इसका कारण यह है कि मस्तिष्क में भी माँसपेशियाँ होती हैं। जब हम व्यायाम करते हैं, तो मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ जाता है और वह पहले से अधिक क्रियाशील हो जाता है।

शोध से पता चलता है कि आप भारतीय संगीत सुनें या पाश्चात्य, आपका मस्तिष्क स्पन्दित होता है, क्रियाशील होता है। मस्तिष्क को अधिकाधिक क्रियाशील रखने के लिए आप अपने सामने चुनौतियाँ रखें। चुनौतियाँ शिक्षा सम्बन्धी

Downloaded From www.icseboard.org

भी हो सकती हैं और खेल-कूद सम्बन्धी भी। कुछ नया करने की चेष्टा करें। चाहे नई-नई भाषाएँ सीखें या नृत्य, वाद्य, संगीत आदि कलाओं का प्रशिक्षण लें। सभी के पीछे एक ही उद्देश्य विहित है – मस्तिष्क को क्रियाशीलता प्रदान करना। इस दिशा में शतरंज, चौपड़, ताश, क्रॉसवर्ड आदि भी उपयोगी है। कोशिश करें अधिकाधिक' व्यक्तियों के नाम स्मरण रखने की। सहज स्मरण के लिए उनके व्यक्तित्व या उनके जीवन की घटना विशेष को उनके नाम के साथ जोड़ें। जैसे – 'सत्याग्रह आन्दोलन' सुनते ही महात्मा गाँधी का नाम स्मरण हो जाता है।

अतः जीवन में चुनौतियों का सामना करें, उनसे 'पलायन' नहीं। कुछ नया सीखें तथा हमेशा कुछ नया करें, क्योंकि जीवन में अनुभव कुछ कर गुजरने से ही होता है। और हाँ, याद रहे – नया सीखने या नया करने के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं।

प्रश्न (i) बुद्धि के विषय में क्या प्राचीन मान्यता चली आ रही है ? आप इससे सहमत हैं या नहीं ? क्यों ? [4]

(ii) उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए कि मस्तिष्क की कार्यकुशलता के लिए मानसिक ही नहीं, शारीरिक व्यायाम भी आवश्यक है। [4]

(iii) चुनौतियों के नाम पर हम क्या-क्या कर सकते हैं ? क्या अधिकाधिक व्यक्तियों के नाम स्मरण रखना भी एक चुनौती है ? इसे कैसे सरल बनाया जा सकता है ? [4]

(iv) प्रस्तुत गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? [4]

(v) 'नया सीखने में आयु कोई बाधा नहीं है' – इस कथन की समीक्षा कीजिए। [4]

**3. निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए :-** [1x5=5]

(i) सब्ज-बाग दिखाना ।

(ii) लेने के देने पड़ना ।

(iii) मुट्ठी गर्म करना ।

(iv) बाल-बाल बचना । और

(v) दुम-दबाकर भाग जाना ।

**4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :-** [1x5=5]

(i) सूर्यास्त के छिपते ही वातावरण में अँधेरा छा गया ।

(ii) मुसीबत के समय मनुष्य की बुद्धि पर पत्थर पड़ जाता है ।

(iii) मेरी तो स्थिति है 'एक अनार हजार बीमार' वाली।

(iv) इस सहयोग के लिए मैं सदैव आपका कृतघ्न रहूँगा ।

(v) एक विरोध-प्रदर्शन मंत्री जब आए, किया गया।

Downloaded From www.icseboard.org

## हिन्दी साहित्य [12½x4=50]

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक पुस्तक से एक-एक प्रश्न करना अनिवार्य है।

### 'काव्य मंजरी'

1. 'अँधेरे का दीपक' :- कवि ने इस कविता के माध्यम से क्या संदेश दिया है ? उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें।

2. 'एक फूल की चाह' :- 'एक फूल की चाह' शीर्षक कविता के, सुखिया के पिता की मार्मिक व्यथा को स्पष्ट करते हुए कविता के हृदयस्पर्शी अंत पर प्रकाश डालिए।

अथवा

भीतर जो डर रहा छिपाये, हाय! वही बाहर आया
एक दिवस सुखिया के तन को ताप-तप्त मैंने पाया
ज्वर में विह्वल हो बोली वह, क्या जानूँ किस डर-से-डर,
मुझको देवी के प्रसाद का एक फूल ही दो लाकर ।

(i) किसके हृदय में कौन सा डर बैठा था ? क्यों ? [4½]

(ii) 'एक फूल' की चाह किसने और क्यों की थी ? समझाइए। [3]

(iii) क्या पिता, बच्ची की इच्छा पूर्ति कर पाया यदि नहीं तो क्यों ? [3]

(iv) हर इंसान का समाज में बराबर का अधिकार है ? क्यों ? स्पष्ट कीजिए। [2]

3. सूरदास :- सूरदास जी ने बाल-कृष्ण की सुन्दरता का किस प्रकार वर्णन किया है ? समझाकर लिखिए।

### "गद्य-संकलन"

4. 'भक्तिन' :- कहानी का सार लिखकर कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

5. आउट साइडर :- प्रस्तुत कहानी में 'आउट-साइडर' किसको कहा गया है और क्यों ? समझाकर लिखिए। उदाहरण भी दीजिए।

अथवा

"तुम यहाँ हमेशा आउट-साइडर ही रहोगी।"

(i) उक्त कथन किसने, किसे और कब कहा है ? समझाकर लिखिए। इस कथन के पीछे वक्ता का क्या उद्देश्य है ? [4½]

(ii) नीलम अपनी इस दशा के लिए किसे जिम्मेदार मानती है और क्यों ? [3]

(iii) क्या नीलम, पूनम के उक्त विचार से सहमत हैं ? [3]

(iv) इस कहानी के माध्यम से लेखिका क्या सन्देश देना चाहती है ? स्पष्ट कीजिए। [2]

6. पुत्र-प्रेम :- तपेश्वरी प्रभुदास को इटली क्यों भेजता चाहती है, और इसके लिए वह अपने पति को किन-किन तर्कों द्वारा समझाने का प्रयास करती हैं ? समझकर लिखिए।

### सारा आकाश

7. उपन्यास के आधार पर नायक समर का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

8. समर ने प्रभा की चूड़ियाँ क्यों तोड़ी ? उसका क्या परिणाम हुआ ? पूरे घटना क्रम को विस्तार से समझाइए।

9. 'सारा आकाश' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

Downloaded From www.icseboard.org